हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



## खबर संक्षेप



### सत्य नाट्य संस्था ने जीते सात अभा पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई क्षेत्र की सत्य नाट्य संस्था ने ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला में हुई अखिल भारतीय नृत्य एवं नाट्य प्रतियोगिता में 7 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। देश के 27 राज्यों से 410 नृत्य कलाकारों ने 27 नाटकों का मंचन किया। सत्य नाट्य संस्था के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ने बताया कि उनके समूह ने नृत्य एवं नाटक में 7 पुरस्कार प्राप्त किया। सेमी क्लासिकल एकाल सब जूनियर प्रतियोगिता में समूह की 7 साल की अद्विका तिवारी ने प्रथम व सब जूनियर सेमी क्लासिकल युगल श्रेणी में के रिनीषा के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अधिक तिवारी ने अपनी मां कविता तिवारी के साथ ओपन कैटिगरी सेमी क्लासिकल व सेमी क्लासिकल ओपन कैटिगरी एकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, समूह नृत्य में द्वितीय रहीं यह सारे पुरस्कार नृत्य श्रेणी में दिए गए। नाटक दंश मंचन के लिए स्टाइलिस्ट नाटक की कैटेगरी में द्वितीय स्थान व बाल कलाकार अद्विका को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार दिया गया। सत्य नाट्य एवं नृत्य संस्था की बाल कलाकार अद्विका तिवारी जो की 7 वर्ष की है इन्होंने भारत वर्ष से आए विभिन्न नृत्य एवं नाट्य कलाकारों के बीच अपनी छाप छोड़ी और और अपने नाम पांच पुरस्कार प्राप्त किया।

### एसएसपी ने लिया थानों की समीक्षा बैठक

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 में दुर्ग अनुविभाग के सभी थाना और चौकी प्रभारी का समीक्षा बैठक लिया। इस दौरान विवेचकगण को लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान, शिकायत आवेदनों का तुरंत निराकरण करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने, ऑपरेशन तलाश के तहत अधिक से अधिक गुम इंसानों को खोजने को लेकर निर्देशित किया।

### नपा अध्यक्ष ने जामुल अटल परिसर का किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में अटल परिसर का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जिसका निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। निरीक्षण अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि अटल परिसर सिर्फ निर्माण कार्य ही नहीं है, बल्कि यह एक संदेश है कि सरलता एवं सुगमता के साथ जनता को हर उस योजना का लाभ मिले। जिसके लिए सरकारें बनती है इसके माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्ति को, क्षेत्र में विकास कार्य संपादित हो। जिसकी अपेक्षा हर वर्ग के लोग करते हैं। पालिका क्षेत्र जामुल में तीस लाख रूपये के लागत से वार्ड 13 में अटल परिसर का निर्माण कार्य किया गया है, जो पूर्णतः की ओर है। निरीक्षण पर जलकार्य प्रभारी रामदुलार साहू, पार्षद दीपक गुप्ता, उप अभियंता सचिन भागवत मौजूद थे।

# पिता ने साइकिल से सब्जियां बेचकर पढ़ाया, आज बेटा आयुर्वेद में एमडी

दिलीप साहू/ निकुम

कहते हैं दिल में अगर कुछ कर दिखाने का जुनून और कुछ पाने की लगन हो तो हर हाल में कामयाबी आपके कदम छू लेगी, क्योंकि कागज अपनी किस्मत से उड़ती हैं, लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से। किस्मत अपना साथ दे या ना दे काबिलियत हमेशा साथ देती है, इसी जुनून को साथ लिए एक गांव के छोटे से परिवार का खेती से सब्जी बेचने वाले मजदूर किसान का बेटा आज बड़ा डॉक्टर बन गया है। किसान कृपा निषाद वह पिता हैं, जो खुद आठवीं तक पढ़े हैं, लेकिन उन्होंने अपने बेटे को कभी भी पढ़ने से नहीं रोका। बेट विनोद के सपने को साकार करने के लिए अपनी पूरी जवानी लगा दी। पहले रोजी-मजदूरी की, फिर बाड़ी में काम किया, तब भी बात नहीं बनी तो खुद साइकिल उठाकर सब्जियां बेचने लगे और अपने बेटे की पढ़ाई के लिए खर्च जुटाते रहे। बेटे ने भी मन लगाकर पढ़ा। पढ़ाई की इस जद्दोजहद में विनोद के दो बड़े भाइयों ने भी अपनी पिता की तरह पैसों से मदद जारी रखी। इस वजह से छोटे से गांव का विनोद निषाद आज एक डॉक्टर बना चुका है। उसके पास कई बड़ी डिग्रियां हैं, जो आसानी से नहीं मिल पाती। डॉ. विनोद कुमार निषाद ने पहले बैचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की पढ़ाई गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर से की। इसके बाद वहीं से ब्रांच फ़ॉर्माकॉलोजी में एमडी की पढ़ाई की। फिर जोधपुर राजस्थान आयुर्वेद कॉलेज से पीजीसीसीकेएस की। आज ग्राम झीट में अपनी क्लीनिक चलाकर गांववालों की सेवा कर रहे हैं। पिता आज भी खेती-किसानी कर रहे हैं, लेकिन आज उनके पास खुद का खेत हैं।

## छोटे से गांव भोथली से निकलकर जोधपुर में की पीजी

फादर्स डे पर विशेष



### पांचवीं तक भोथली के सरकारी स्कूल में हुई पढ़ाई

डॉ. विनोद बताते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा यानी पांचवीं तक की पढ़ाई ग्राम भोथली में हुई। उनकी मां ललिता बाई गृहिणी हैं, लेकिन पिता का कामकाज में हाथ बंटाती हैं। दो भाई शीतकुमार और मनोज कुमार ने हमेशा सहयोग किया। एक बहन किरण भी उनका हर समय मनोबल बढ़ाते रही। मिडिल स्कूल की पढ़ाई तिरगा में पूरा करने के बाद हायर सेकंडरी की पढ़ाई उन्होंने निकुम से की। इसके बाद आगे की पढ़ाई उन्होंने रायपुर फिर जोधपुर राजस्थान में की।



# दो हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दी परीक्षा 480 अंक वालों को एडमिशन की उम्मीद

**भिलाई।** नीट के परिणाम शनिवार को जारी हो गए हैं। इस बार भिलाई-दुर्ग से 2 हजार से ज्यादा बच्चों ने नीट एग्जाम दिया। ओवर ऑल रिजल्ट को बेहतर नहीं बताया जा रहा है, लेकिन एजुकेशन हब के लिहाज से भिलाई-दुर्ग में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स के अच्छे अंक आए हैं। शिक्षा विशेषज्ञों की मानें तो इस बार का कटऑफ 480 अंक के करीब जाएगी, इस लिहाज से इसके आसपास नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का मौका है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में कटऑफ 595 के करीब रहा। इस लिहाज से छात्रों के पास सरकारी कॉलेज में एडमिशन का बेहतर अवसर है।

## नीट-2025 में रूबीस फिजिक्स की श्रेष्ठता फिर साबित









**भिलाई।** रूबीस फिजिक्स की श्रेष्ठता फिर साबित-नीट-2025 के धोषित परिणामों में द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम की नियमित -छात्रा-फेशर - सिमोन बगारिया ने 602 अंक प्राप्त कर आल इंडिया 1239 वा रैंक हासिल करके रुबीस फिजिक्स का मान सम्मान और ऊंचा कर दिया। संस्था के नमन भूमि दुर्गादशमुख, मीनाक्षी ध्रुव, कामिनी चौधरी, आस्था काचे, योगलक्ष्मी जैसे कई विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं। सलीम सर ने सभी को बधाई दी और दुआएं दी।

## गोल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को नीट की परीक्षा में मिली बड़ी सफलता



**भिलाई।** गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट-2025 के रिजल्ट में शुभजीत राज ऑल इंडिया रैंक 236 वाँ स्थान प्राप्त किया है जिनका मार्क्स 630 है। नीट में गोल छ.ग. के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों में विजय चंद्राकर-533, भीष्मदेव यादव-512, राशि चंतारे-508, विभा देवांगन 480, ऐमी सिन्हा-473, दिकेश देवांगन-468, दिपाली-412, हिमांशी देवांगन 461, रिया तरम-328, दानेश्वर नारंग-390, खेमराज-398, अदिति बघेल 344 गोल के फाउण्डेशन बैच के अपने पहले ही प्रयास में नीट में सफलता हासिल किया हैं। इसके साथ गोल छ.ग. से 80 से अधिक बच्चों ने गर्वमेंट मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन कि संभावना है जबकि कुल 250 बच्चों ने नीट क्वालीफाई किया है। ये बाते शनिवार को गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत कुमार ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अथक प्रयास, संस्थान के टीम वर्क एवं अभिभावकों का गोल के प्रति विश्वास का प्रतिफल हैं। इंस्टीट्यूट के सतीश कुमार ने कहा कि इस सफलता के पीछे अच्छे माहौल, पर्सनल केयर एवं लाइब्रेरी का भी योगदान रहा है।

## भिलाई सुपर-30 में 30 से 22 स्टूडेंट्स नीट में चयनित



**भिलाई।** इस वर्ष सुपर-30 भिलाई से 30 छात्रों में से 22 छात्र नीट में चयनित हुए हैं। जिसमें गरिमा देशमुख 598 अंक और साहिल पिपरिया 571 अंक प्राप्त किया ह। इसी प्रकार से अन्य छात्रों का नीट में चयन हुआ है। जिसमें 15 से अधिक छात्रों को शासकीय कॉलेज मिलने की संभावनाएं है। कुल 22 छात्र मीट 2025 में चयनित हुये है। भिलाई सुपर-30 संस्था में 30 छात्रा को निःशुल्क पढ़ाया जाता है। जिसका चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।

चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों व्दारा पढ़ाई कराई जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब व मेधावी छात्रों को जो कि आर्थिक रूप से डॉक्टर की पढ़ाई नीट तैयारी में असमर्थ रहते है उनके लिए यह योजना वरदान साबित हो रहा है। इस वर्ष भी 30 छात्रों को निःशुल्क पढ़ाया जाएगा जो कि छत्तीसगढ़वासियों के लिए कारगर साबित हो रहा है। यह एक सामाजिक पहल है, जिससे गरीब व मेधावी छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो सके।

# बीएसपी को मिला पर्यावरण ग्लोबल ग्रीनटेक पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र को पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन के दौरान ग्लोबल ग्रीनटेक एनवायरनमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

- डायरेक्टर व प्रभारी ने ग्रहण किया पुरस्कार

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, महाप्रबंधक संजय कुमार ने भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद यह पुरस्कार निदेशक व निदेशक प्रभारी (भिलाई इस्पात संयंत्र - अतिरिक्त प्रभार) मनीष राज गुप्ता को सौंपा गया। उन्होंने पुरस्कार को संयंत्र की सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। सम्मेलन के प्रमुख वक्ताओं में पूर्व मुख्य सचिव एवं ग्रीनटेक फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार धरम पाल,आईओआरए इकोलोजिकल सलूशन के डॉ. एन. मानिका, मुख्य इएचएस (यूपीएल लिमिटेड) अतुल वर्मा, क्रेआ विश्वविद्यालय की (आईएफएमआर लीड) डॉ. सबीना यास्मीन, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के पारिजात सिन्हा, डालमिया सीमेंट के उप मुख्य सस्टेनेबिलिटी अधिकारी अनुपम, तथा प्राइम मेरिडियन कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सस्टेनेबिलिटी अधिकारी पवन बख्शी और विशेषज्ञ कर्नल प्रदीप मिश्रा शामिल थे। 12 एवं 13 जून 2025 को आयोजित इस सम्मेलन में लैंगिक समानता, सतत जल प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सतत शहर एवं समुदाय जैसे विषयों पर तकनीकी सत्रों,और पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया।

### दायित्वों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है पुरस्कार

यह पुरस्कार भारत के अग्रणी संस्थान ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष उन संगठनों को प्रदान किया जाता है जो पर्यावरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान कर रहे हैं। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन और टिकाऊ औद्योगिक प्रथाओं में अग्रणी होने के लिए जाना जाता है। प्रदूषण नियंत्रण से लेकर हरित आवरण वृद्धि तक, बीएसपी पर्यावरणीय नवाचार और जिम्मेदार विकास में अग्रणी बना हुआ है।

# दुकानों की अनुज्ञप्ति लाइसेंस से 60 लाख रुपए की आय का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में शुक्रवार को सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में निगम क्षेत्र के दुकानों को अनुज्ञप्ति लाइसेंस शुल्क बढ़ाने पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने इस बार 60 लाख रुपए अनुज्ञप्ति लाइसेंस से आय का टारगेट तय किया है। पहले यह 40 लाख रुपए था। यानी निगम को अनुज्ञप्ति लाइसेंस दर बढ़ाने से 20 लाख रुपए आय अधिक हो सकती है।

- लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में हुई सलाहकार समिति बैठक में निर्णय

### एमआईसी में रखा जाएगा प्रस्ताव

लक्ष्मीपति राजू, अध्यक्ष खाद्य लोक स्वा. एवं स्वच्छता समिति के सलाहकार समिति द्वारा छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (क्रमांक 23 सन 1956) की धारा 366 के 2[11] के अनुसार अनुज्ञप्ति और अनुज्ञा की फीस की दर प्रत्येक तीन वर्षों में एक बार पुनरीक्षित की जाएगी के तहत निकाय क्षेत्रान्तर्गत संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के अनुज्ञप्ति दरों में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद में रखे जाने का सर्व सम्मति से अनुशंसा की गई। बैठक में सदस्य पी. के श्याम सुदर, सरीता देवी, के. जगदीश, एम. लक्ष्मी गोपाल, अभिषेक मिश्रा स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव / स्वास्थ्य अधिकारी, राजेश पालवे प्र. सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

# पानी संकट से गुस्साए से. 7 के लोगों ने पानी टंकी में बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जैसे जैसे गर्मी का मौसम एंड हो रहा है टाउनशिपवासियों पर दोहरी मार पड़ रही है। आए दिन बिजली की आंखमिचौली के साथ पेयजल की बढ़ती किल्लत से बीएसपी कर्मी रहवासी हलाकान हैं। पंद्रह दिन से अघोषित पानी कटौती से गुस्साए सेक्टर 7 के निवासियों ने शनिवार को सेक्टर 7 पानी टंकी मेंटेनेंस आफिस पर हल्ला बोला । इसके बाद वार्ड पार्षद व भिलाई निगम के स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू की अगुवाई में नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता से मिलकर पानी के लिए त्राहि त्राहि की विकट समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के अतिशीघ्र निदान करने की मांग की। सीजीएम ने फिर आश्वस्त किया कि दो दिन में पानी की समस्या निदान हो जाएगा। पेयजल समस्या से जूझ रहे सेक्टर 7 के रहवासियों का पिछले दस दिन के दौरान दूसरी आज बार गुस्सा फूटा था। शनिवार को लक्ष्मीपति राजू के साथ वार्डवासियों ने पानी टंकी कार्यालय पहुंचकर बताया कि रोज सुबह घरों में सिर्फ पंद्रह बीस मिनट ही धीमी धार से पानी आ रहा है। शुरु में गंदा पानी भी आ रहा है। इतने कम पानी में परिवार की ठीक से प्यास बुझ रही है और न ही निस्तार हो पा रहा है। पहले भी पांच नलों में बूंद पानी नहीं आया।तब अधिकारियों ने निदान का आश्वासन दिया था। आखिर जारी पेयजल संकट का कारण क्या है।

- मुख्य महाप्रबंधक दत्ता ने दिया जल्द निदान का आश्वासन




### निगम के टैंकरों से करवा रहे सप्लाई

सेक्टर 7 में पंद्रह दिन से भीषण पेयजल किल्लत देखते हुए स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू कमिश्नर से बात कर चार टैंकरो से कई सड़कों में जलापूर्ति करवा रहे हैं। चार पांच दिन से टैंकर पहुंचते ही कुछ ही समय में खाली हो जा रहा है। पानी के लिए छीनाझपटी मची है। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। निगम के टैंकरों से थोड़ी राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन स्थाई निदान बीएसपी को ही करना है। सीजीएम ने दो तीन दिन मे निदान का भरोसा दिलाया है।

### सीजीएम को बताई लोगों की परेशानी

पानी टंकी कार्यालय के कर्मियों से डब्ल्यूएमडी ( वाटर मैनेजमेंट डिपार्ट) से ही टंकी के पूरा नहीं भर पाने की जानकारी मिलने पर पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ रहवासी नगर सेवाएं विभाग कार्यालय पहुंच सीजीएम दत्ता के आफिस पहुंचे। उनके उपलब्ध नहीं होने पर राजू ने फोन से वार्डवासियों की जल संकट की परेशानी बताते हुए त्वरित राहत की मांग की। वार्डवासियों ने उन्हें आधे क्षेत्र में सुबह बिजली बंद होने से वार्ड के आधे हिस्से में मोटर पंप से पानी खींचने की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान के लिए सुबह जलापूर्ति के वक्त एक साथ पूरे वार्ड में बिजली गुल करने की भी मांग की। सीजीएम ने दो तीन दिन के अंदर डब्ल्यूएमडी से टंकी में पूर्ववत पानी आपूर्ति कराने का भरोसा दिलाया।

## सेक्टर 9 हास्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान की भूमिका पर संवाद

# रक्तदान कर मिलजुलकर बचाएं मनुष्य का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत संचालित जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित विशेष कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा रक्तदान का आह्वान किया गया।

अर्द्धदिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का विषय था - रक्तदान करें, आशा दें: साथ मिलकर जीवन बचाएं। रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति (आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़) डॉ. पीके पात्रा ने किया। कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम., मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी उपस्थित थे। समापन सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती ने की।



डां. पात्रा ने कहा कि कहा कि वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता अभी भी सीमित है। रक्तदान को पूर्णतः सुरक्षित बताते हुए उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त से चार जीवनदायिनी कंपोनेंट प्राप्त किए जा सकते हैं, जो चार अलग-अलग मरीजों का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदाता को स्वयं भी स्वस्थ रहना चाहिए, ताकि उसका रक्त गुणवत्तापूर्ण हो। रक्तदान के लिए युवा आगे आएं। डॉ. रवीन्द्रनाथ ने रक्तादान जागरुकाता के लिए आह्मन किया।समापन समारोह में चक्रवर्ती ने कहा रक्तदान एक ऐसा उदार कर्म है, जो सामाजिक भेदभाव से परे हमें एक सूत्र में पिरोता है । हम सब एक ही मानवता की डोर से बंधे हैं।

### तकनीकी प्रस्तुतियों में किया जागरुक

सीएमई सत्रों में वरिष्ठ कंसल्टेंट (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन) डॉ. दीपक दाश मोहपात्रा व वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, गुवाहाटी) डॉ. गोपाल कृष्ण रे ने रक्त घटक चयन में एबीओ विसंगतियों के समाधान पर चर्चा की। वरिष्ठ चिकित्सक (बाल्को मेडीकल सेंटर, रायपुर) डॉ. नीलेश जैन ने रोगी रक्त प्रबंधन को एक मानक प्रथा के रूप में रेखांकित किया, वहीं वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, रायपुर) डॉ. रमेश चंद्राकर ने स्वैच्छिक रक्तदाता चयन के नवीनतम दिशानिर्देशन व उपयुक्त दाता के चयन की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. मनीषा कांगो, एसीएमओ डॉ. निली एस. कुजुर, कंसल्टेंट डॉ. राजू भैसारे, डीसीएमओ डॉ. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. प्रिया साहू तथा कंसल्टेंट डॉ. प्रतीक आदि उपस्थित थे।सीएमई में प्रस्तुतिकरण के साथ शोध-पत्र वाचन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रक्तदाताओं एवं रोगियों का सम्मान समारोह तथा पुरस्कार वितरण भी किया गया। डॉ. निली एस. कुजुर ने आभार प्रदर्शन किया।

# केंद्र के 11 साल में कराए गए कामों की उपलब्धियों को गिनाने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र मोदी सरकार की 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। इस कार्यकाल में कई बड़े संकल्प लिए गए। जो संकल्प सिद्धि की ओर आगे बढ़े है। केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाओं और महत्वपूर्ण निर्णय से 11 साल के कार्यकाल में देश को संवारने कार्य किया गया है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जन कल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नया आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल देश की सीमा सुरक्षित की, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरोदा–पुरैना मंडल के रिसाली मां कल्याणी शीतला मंदिर भवन में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल – सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर अपने विचार भी साझा किए।



तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 श्रीरामकृष्णमंददर बन रहा नगर का आध्यात्मिक आस्था केंद्र



12 बीएसपी को मिला पर्यावरण ग्लोबल ग्रीनटेक ...




## खबर संक्षेप

### मोबाइल लूटपाट करने वाले धरे गए

भिलाई। मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(4), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई नगर, नगर, नेवई, छावनी, जामुल, भिलाई 3 क्षेत्र में बाइक सवार युवक राहगीरों के साथ डरा धमकाकर मारपीट कर मोबाइल लूटपाट करते थे। पुलिस में शिकायत के बाद लूट के मोबाइल को लेकर बेचने की फिराक में संदिग्ध युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर लेबर केम्प जामुल निवासी टिकेश्वर साहु,चंदन पारा जामुल अनिल दुर्गा, दो अपचारी बालको को पकड़ा गया है।

### फैक्ट्री से जंबो बैग गिरा श्रमिक महिला की मौत

**भिलाई।** मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री का भारी भरकम बोरा गिरने से एक महिला और दो व्यक्ति चपेट में आए है। घटना में महिला की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक अग्रवाल मिनिरल एंड केमिकल फैक्ट्री जामुल की है। जहां शनिवार को जंबो बैग गिरने से महिला श्रमिक व दो पुरुष के ऊपर जंबो बैग गिर गया। फैक्ट्री के हादसे में 58 वर्षीय जयंती साहू की मौत हो गई। वहीं जानकी यादव, पेमिन सिन्हा गंभीर रूप से घायल हैं।

घायलों को तुरंत उपचार के लिए सुपेला स्थित निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की खबर लगते ही परिजन अस्पताल पहुंचे उनका रो-रोकर बुरा हाल था। बताया गया कि जयंती साहू विधवा थीं, उसके घर पर उनके बच्चे हैं। बच्चों का भरण पोषण की जम्मेदारी जयंती करती थी।

### सूर्या मॉल के स्पा सेंटर में पुलिस की दबिश

**भिलाई।** सूर्यामॉल में स्थित स्पा सेंटरों पर पुलिस की टीम ने दबिश दिया है। पुलिस को देख लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खबर लिखे जाने तक किसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस और एएसपी पद्मश्री तंवर की टीम स्पा सेंटर शनिवार की रात पहुंची। जहां स्पा सेंटर में पहुंचे जब तक पुलिस की कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती। तब तक कोई भी अंदर से बाहर नहीं आएगा। रजिस्टर भी खंगाले जा रहे है।

### मोबाइल दुकान से 4 लाख का सामान पार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने महंगे मोबाइल को पार कर दिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि सुनील टेंभरे का खुड़मुडा मोड पर मोबाइल दुकान है। 11 जून की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे खुड़मुड़ा मोड निवासी दुर्गेश चक्रधारी फोन कर बताया कि दुकान का ताला टुटा हुआ है। संचालक सुनील टेंबरे तत्काल अपना दुकान पहुंचा। ताला टुटा पड़ा मिला दुकान से अज्ञात ने आईफोन 11 प्रो, एक आईफोन 11 समेत 45 हजार रुपए के विभिन्न कंपनियों का मोबाइल गायब मिला। 4 लाख का समान पार हो गया।

### ई रिक्शा की ठोकर से बालक की मौत

**भिलाई।** घर के सामने खेल रहे मासूम ढाई वर्षीय बालक को ई रक्शिा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए चपेट में लिया है। गहरनबमे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक बॉम्बे आवास आईएचएसडीपी कालोनी निवासी खुशांत दास मानिकपुर अपने घर के सामने खेल रहा था।। तभी तेज रफ्तार से आ रहे ई-रक्शिा चालक ने उसे चपेट में लिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

**विडंबना**

**जिले के हर चौथे शासकीय स्कूल की इमारत जर्जर**

# 1299 स्कूल भवनों में 300 की हालत खस्ता आज से शिक्षा सत्र एवं प्रवेशोत्सव की तैयारी







बेमेतरा ▶▶| अमीन पप्पू रवानी, शुभम दुबे

जिले में गर्मी की छुट्टियाँ खत्म हो चुकी हैं। बच्चों ने आज फिर स्कूल की राह पकड़ेंगे — कंधों पर बस्ता और आंखों में भविष्य के सपने। लेकिन पूर्व की घटना ने सवाल खड़े कर रहे की क्या बच्चे आज स्कूल में सुरक्षित हैं। ज़मीनी सच्चाई यह है कि बेमेतरा जिले के 1,299 प्रथमिक , मिडिल, हाई एवं हायर शासकीय स्कूलों में से लगभग 300 स्कूल जर्जर हालत में हैं। यानी हर चौथा स्कूल, बच्चों की जान के लिए खतरा बना हुआ है । ओर प्रशासन शाला प्रवेश उत्सव के रूप में मना रहा है।

**कागज़ों पर योजनाएं, ज़मीन पर खतरे - प्रशासनिक निषक्रियता :** शिक्षा विभाग का दावा है कि मरम्मत व पुनर्निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। लेकिन यह प्रक्रिया हर साल दोहराई जाती है — पहले सर्वे, फिर तकनीकी रिपोर्ट, फिर फाइलें और अंत में लंबा इंतजार। वर्षो से भेजे गए कई प्रस्ताव अब तक स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रियाएं धीमी हैं और मानसून में काम रुक जाता है। लेकिन सवाल उठता है- क्या सिस्टम फिर किसी अगली दुर्घटना का इंतज़ार कर रहा है?

## जर्जर स्कूल भवनों में कई बार हुए चुके हैं हादसे फिर प्रशासन ने शिक्षा सत्र से पहले नहीं की तैयारी

### रनबोड की घटना - जब स्कूल की छत ही बच्चों पर टूट पड़ी



22 सितंबर 2021, यह तारीख आज भी नवागढ़ विकासखंड के रनबोड गांव के लोगों को याद है। वहां की शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पहली के बच्चे बरामदे में पढ़ रहे थे कि अचानक छत से प्लास्टर गिरा। छह मासूम बच्चियाँ घायल हो गईं। जांच हुई, रिपोर्ट बनी, निर्देश भी जारी हुए - लेकिन नतीजा वही - कोई ठोस कार्रवाई नहीं। आज भी उसी स्कूल में पढ़ाई जारी है। वही जर्जर बरामदा, वही खतरे की छांव।

### झुकती छतें, डरते शिक्षक - पढ़ाई या पलायन?

शिक्षा विभाग की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट बताती है कि दर्जनों स्कूलों की छतें झुक चुकी हैं, दीवारों में गहरी दरारें हैं, और बरसात में पानी रिसकर कक्षाओं में भर जाता है। बेमेतरा ब्लॉक के एक शिक्षक (नाम गोपनीय) बताते हैं कि बरसात में छत टपकती है तो बच्चों को एक कोने में बैठाना पड़ता है। हम उन्हें डराना नहीं चाहते, लेकिन खुद डरे रहते हैं – पता नहीं कब क्या हो जाए। कुछ शिक्षक अपने निजी खर्चे से प्लास्टिक तिरपाल लगाकर पढ़ाई जारी रखते हैं, लेकिन यह इमरजेंसी जुगाड़ है, समाधान नहीं।



### बुनियादी सुविधाओं का अभाव-शिक्षा के नाम पर केवल ढांचा

मामला सिर्फ भवनों तक सीमित नहीं। कई स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, स्वच्छ पेयजल नहीं है, और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट की व्यवस्था भी नहीं। गर्मी में बच्चे आस-पास के घरों से पानी भरकर लाते हैं और बरसात में कीचड़ से भरे रास्तों से गुजरते हैं। कई स्कूलों में बच्चों की संख्या ज़्यादा है, लेकिन बैठने के लिए पर्याप्त बेंच तक नहीं। क्या यही वह व्यवस्था है, जिसमें राइट टू एजुकेशन और स्मार्ट क्लास की बातें होती हैं?

### डरे हुए अभिभावक-पढ़ाई भी जरूरी, जान भी

नवागढ़ निवासी एक मजदूर दंपती कहते हैं कि बेटे को स्कूल भेजना चाहते हैं, लेकिन वहां की हालत देखकर डर लगता है। फीस के कारण प्राइवेट स्कूल नहीं भेज सकते, लेकिन सरकारी स्कूल भी सुरक्षित नहीं लगते। अगर कुछ हो गया तो जवाब कौन देगा ?ऐसी चिंताएं अब आम हो चुकी हैं। कई ग्रामीण अभिभावकों ने या तो बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है या कर्ज लेकर प्राइवेट स्कूलों में दाखिला कराया है।

### शिक्षा की छत बचाएं, भविष्य खुद बच जाएगा

बेमेतरा जैसी ज़िलों की तस्वीर हमें बताती है कि शिक्षा की असली नींव पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि सुरक्षित माहौल है। स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा की बातें तभी सार्थक होंगी जब बच्चों के सिर पर सुरक्षित छत होगी और माता-पिता को हर सुबह डर न सताए।

---

# आबकारी विभाग पर दबंगई का आरोप, विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड क्रमांक 02 पिकरी क्षेत्र में संचालित चखना दुकानदारों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सोमवार को क्षेत्र के कई दुकानदारों ने विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर आबकारी निरीक्षक वीणा भंडारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और ज्ञापन सौंपते हुए तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। दुकानदारों ने विधायक को बताया कि वे शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों, लाइसेंस शर्तों और दूरी के मापदंडों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। इसके बावजूद आबकारी निरीक्षक वीणा भंडारी द्वारा आए दिन दुकानों में दबिश दी जा रही है, कर्मचारियों को डराया-धमकाया जा रहा है और बिना किसी वैध कारण के नोटिस और चालान थमाया जा रहा है।

■ विधायक दीपेश साहू ने चखना सेंटर के संचालकों को निष्पक्ष कार्रवाई का दिया आश्वासन

**हर महीने 2 से 3 बार चालान भरना पड़ता है:** एक दुकानदार ने भास्कर संवाददाता से बातचीत में बताया कि हम लोग नियम से दुकान चला रहे हैं, फिर भी महीने में दो-तीन बार चालान के नाम पर पैसा मांगा जाता है। विरोध करते हैं तो अपशब्द कहे जाते हैं। दुकान में घुसकर ग्राहकों के सामने अपमानित किया जाता है।

### मानसिक, सामाजिक और आर्थिक शोषण का आरोप

व्यापारियों का कहना है कि आबकारी निरीक्षक की यह कार्यशैली न केवल उनके व्यवसाय को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि उनके मानसिक और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। हम लोग परिवार चलाते हैं। रोज़ दुकान बंद होने का डर बना रहता है। – एक अन्य दुकानदार ने कहा।

### विधायक ने दिलाया निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा

विधायक दीपेश साहू ने व्यापारियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी अगर नियमों के तहत काम कर रहा है तो उसके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मैं स्वयं विभाग से बात करूंगा और इस पूरे मामले पर निष्पक्षता से जांच सुनिश्चित कराऊंगा।

**प्रशासन से जवाब की अपेक्षा:** इस मामले पर अब स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग की प्रतिक्रिया का इंतजार है। व्यापारियों की मांग है कि जांच पारदर्शी ढंग से हो और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई हो।

### मोहरेंगा में शाला प्रवेशोत्सव आज मंत्री बघेल होंगे शामिल

**बेमेतरा।** जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने और नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करने के लिए आज सोमवार को ग्राम मोहरेंगा विकासखंड बेमेतरा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12 बजे पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में होगा। इस मौके पर प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक स्तर के बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रेरक गतिविधियाँ भी कराई जाएंगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, पालक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन ने आयोजन को गरिमामय बनाने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सनातन भूमि पर कब्जे के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा : निर्वाणी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में वैष्णव मठ-मंदिरों की पवित्र भूमि पर हो रहे कथित अवैध कब्जों के खिलाफ अब धर्मसंगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल और अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने संयुक्त रूप से धर्मभूमि मुक्ति आंदोलन की शुरुआत कर दी है। इस संबंध में रविवार को राजधानी रायपुर में निर्वाणी अखाड़ा से जुड़े डॉ. सौरभ निर्वाणी, महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष अंजलि दास, युवा इकाई के प्रदेशाध्यक्ष राघवेंद्र दास, महासचिव रजनीश वैष्णव और लोरमी युवराज यशवंत दास ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलन को लेकर प्रशासनिक सहयोग की मांग की।

■ निर्वाणी अखाड़ा का प्रतिनिधिमंडल विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह से की मुलाकात

**धार्मिक परंपराओं को कलंकित करने वालों को चेतावनी:** डॉ. निर्वाणी ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व राजनीतिक ओट लेकर मठों और अखाड़ों की वैदिक परंपरा को कलंकित कर रहे हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ भी यह आंदोलन एक चेतावनी है। यह सिर्फ भूमि की वापसी का नहीं, बल्कि धर्म की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का अभियान है।

### अब नहीं सहेंगे चुपचाप

डॉ. सौरभ निर्वाणी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भूमाफिया अब ट्रस्ट और सोसाइटी के नाम पर सनातन धर्म की हजारों एकड़ भूमि हड़प रहे हैं। यह केवल अतिक्रमण नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और श्रद्धा पर हमला है। मठों की संपत्ति को निजी उपभोग का साधन बनाया जा रहा है। सनातन अब चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन केवल एक संघर्ष नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा और न्याय के लिए एक धर्मयुद्ध है। संगठन इसके लिए दस्तावेजों और कानूनी प्रमाणों के साथ न्यायालय और जनमानस दोनों स्तरों पर लड़ाई लड़ेंगे।

---

**5,185 परीक्षार्थियों का पंजीकृत थे जिनमें से 3,722 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 1463 अनुपस्थित रहे**

# जिले के 19 केंद्रों में एडीईओ की परीक्षा 71.78 परीक्षार्थियों ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा रविवार को आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ परीक्षा बेमेतरा जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा सुबह 10 से 12:15 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई। जिले में परीक्षा के लिए कुल 5,185 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 3,722 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1463 अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 71.78 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

**ऑब्जर्वरों और उड़नदस्तों ने संभाला मोर्चा:** परीक्षा के संचालन हेतु सभी केन्द्रों में समन्वय संस्था पं. जवाहरलाल नेहरू शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा के निर्देशन में कार्य किया गया। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक-एक पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी, जो प्रातः 08 बजे ही प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट की पेटी लेकर अपने-अपने केन्द्रों में पहुँच गए थे। परीक्षा के बाद यह पेटियां पुनः समन्वय संस्था में जमा की गईं। समन्वयक डीआर साहू ने बताया कि सभी केन्द्रों में एक दिन पूर्व ही वीक्षकों की ब्रीफिंग कर दी गई थी, जिसमें परीक्षा के दिशा-निर्देशों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई थी।

### 10 बजे के बाद किसी को नहीं मिला प्रवेश

व्यापम के निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को मूल प्रवेश पत्र और एक फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य था। इसके अभाव में किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। कई केन्द्रों में देर से पहुँचे परीक्षार्थियों ने केंद्राध्यक्षों से प्रवेश की गुहार लगाई, लेकिन नियमों के तहत उन्हें रोक दिया गया।

**डिजिटल डिवाइस पर पूर्ण पाबंदी:** परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच जैसे सभी डिजिटल उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। केन्द्रों पर इसकी सख्ती से निगरानी की गई।



### दूसरा उड़नदस्ता

प्रदीप तिवारी (नायब तहसीलदार) की अगुवाई में सहायक नारायण ठाकुर (एबीईओ, बेरला) और अधेश उइके शामिल रहे। इन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर, जेवरी, जेवरा और चोरभट्ठी स्थित लाईवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया।

### जिले में दो उड़नदस्ते सक्रिय, कई केन्द्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने और निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा दो उड़नदस्ता दल बनाए गए थे।

**पहला उड़नदस्ता:** दल प्रमुख वीरेंद्र कुमार साहू (अधीक्षक, भू-अभिलेख) के नेतृत्व में, सहायक के रूप में अरुण कुमार खरे (बीईओ, बेमेतरा) और गजानंद ठाकुर (एबीईओ) शामिल थे। इन्होंने बावा मोहतरा, लोलेसरा, कन्या महाविद्यालय, शिवलाल राठी स्कूल, हिन्दी माध्यम विद्यालय, बालक स्कूल और ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल निरीक्षण के दौरान ऑब्जर्वर उपेन्द्र कुमार, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू और केंद्राध्यक्ष अलका तिवारी भी मौजूद रहे।

### 19 परीक्षा केंद्रों में शामिल परीक्षार्थी

पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, बेमेतरा - 600 437
कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा - 360 270
बालक उच्च. माध्यमिक विद्यालय - 360 266
स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय - 360 272
ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल - 360 277
शिवलाल राठी (अंग्रेज़ी माध्यम) - 300 233
बाबा मोहतरा विद्यालय - 300 213
नवोदय विद्यालय, बहेरा कुसमी - 360 260
जेवरी - 180 124, जेवरा - 180 137
लाईवलीहुड कॉलेज, चोरभट्ठी - 180 133
कठिया रांका विद्यालय - 180 132
प्रेरणा विद्यालय, कठिया - 180 124
हाई स्कूल, लोलेसरा - 120 81
सरस्वती शिशु मंदिर - 180 130
पॉलिटेक्निक कॉलेज, बेरला - 300 186
नवीन महाविद्यालय, बेरला - 300 199
कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय, बेरला - 240 154
आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, बेरला - 145 94।

## खबर संक्षेप

### बीकॉम भाग-2 का परीक्षा परिणाम 67.09 प्रतिशत

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने मार्च-अप्रैल 2025 की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया है। बीए (एडिशनल) भाग-द्वितीय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। बीए (एडिशनल) भाग-तृतीय में 97.37 प्रतिशत छात्र पास हुए। बीकॉम भाग-द्वितीय का ओवरऑल परिणाम 67.09 प्रतिशत रहा। एमए (हिंदी) पूर्व का परिणाम 93.50 प्रतिशत और अंतिम वर्ष का 93.38 प्रतिशत रहा। नतीजे विवि की वेबसाइट पर है।

### ग्रामीणों ने की सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग

**कवर्धा।** विकासखंड स.लोहारा अंतर्गत ग्राम विरेन्द्र नगर में लोग मूलभूत सुविधा की समस्या से जूझ रहे हैं। आलम ये है कि ग्रामीणों को नाली, सीसी सड़क की सुविधा तक नसीब नहीं हो रही है। आने वाला मौमस बारिश का है, ऐसे में एक बार फिर ग्रामीणों को कीचड़ से लथपथ होकर चलना होगा। लिहाजा ग्रामीणों ने समय रहते मांग के अनुरूप मूलभूत निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि गांव के ओमप्रकाश किराना दुकान से लेकर सुन्दर साहू के घर तक कच्ची रोड होने के कारण मोहल्लेवासी व आवागमन करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने गांव में सीसी व नाली निर्माण की मांग की है।

### भर्ती परीक्षा के नतीजे किए गए घोषित

**कवर्धा।** व्यापमं ने कृषि विभाग में सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। यह परीक्षा 13 अप्रैल को हुई थी। परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर पहले ही जारी किए गए थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा-आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों ने परीक्षण कर अंतिम उत्तर तैयार किए गए। नतीजे व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड है।

### श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वाति का सम्मान

**राजनांदगांव।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों किया गया। कत्थक रॉकर्स द्वारा तरांगण मंच के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में इंडियन नेशनल डांस म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट, फाइन आर्ट, शास्त्रीय गायन, सेमी क्लासिकल, आदि कंपटीशन एवं फेस्टिवल (प्रस्तुति) का शानदार आयोजन 30 मई से 2 जून तक दार्जिलिंग के गोरखारंगमंच भानु भवन में किया गया था।

# तमाम अव्यवस्थाओं व आधी अधूरी तैयारियों के बीच जिले में आज से फिर खुलेंगे स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा/कोलेगांव

युक्तियुक्तकरण के ज्वलंत मुद्दे, जिले में संचालित सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था, स्कूल सफाई कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल और इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से एक बार फिर स्कूलों के पट खुलने जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की माने तो 16 जून से प्रारंभ होने नए शिक्षा सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 16 जून से ही शाला प्रवेशी उत्सव भी प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें स्कूल पहुंचने वाले बच्चों को शाला गणवेश तथा पाठ्पुस्तक वितरण कर तथा तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाएगा। हालांकि विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले में स्कूली बच्चों के लिए शाला गणवेश का आबंटन तो प्राप्त हो गया है। वहीं मिडिल स्कूल, हाई स्कूल से लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें भी प्राप्त हो चुकी है लेकिन अभी तक प्राथमिक शालाओं की पुस्तकों का आबंटन प्राप्त नहीं हुआ है, जो आने के बाद वितरित की जाएगी। लेकिन इन सब के बीच जिले के खस्ताहाल स्कूल भवनो, बच्चो की बैठक व्यवस्था आदि को लेकर विभाग कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में संचालित ऐसे दर्जनों सरकारी स्कूल भवन है जिन्हें मरम्मत की दरगार है। इनमें से कुछ तो बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं और उनमें स्कूली बच्चे जान हंथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम बाहपानी की बात की जाए तो यहां संचालित सरकारी स्कूल भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। स्कूल भवन की दीवारों का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। भवन की खिड़कियों, फ्लोरिंग आदि का भी हाल बेहाल है। इसी तरह विकासखण्ड पंडरिया के ही ग्राम बाहपानी, कुशयरी, महिडबरा, हथिगुड़ान, मजगांव, पंडरीपानी, सेमहरा, कांदावानी, छीरपानी, जगखनाडीह, सिंगपुर, रोखनी, तेलियापानी लेदरा, अधचरा, भेलकी, देवानपटपर, बोहिल, गभोड़ा, बिरकोना, चियाडॉढ, आगरपानी, फिफलीपानी, भेढ़ागढ़, अमनिया सहित दर्जनों ग्रामों के स्कूलों की स्थिति मरम्मत योग्य है। यहीं स्थिति कमोबेश जिले के विकासखण्ड बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा के ग्रामीण व वनांचलों का भी है।

### बैठक व्यवस्था का आभाव, विधायक से मांग




सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य तथा शाला विकास समिति ने क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा को ज्ञापन सौंपकर कर स्कूल में कमरों की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक वर्ष 2018-19 में हाई स्कूल सैहामालगी का उन्नयन हायर सेकेंण्डरी स्कूल के रूप में किया गया था। लेकिन न तो अतिरिक्त कक्षों की संख्या बढ़ाई गई और न ही दूसरी कोई व्यवस्था की गई। वर्तमान में यहां कक्षा नवमीं से कक्षा 12वीं तक की कक्षाएं संचालित होती है। हाई स्कूल शाल भवन में कक्षों की कमी होने के कारण हायर सेकेंण्डरी की कक्षा 11वीं (कला और विज्ञान समूह) कक्षा 12वीं (कला और विज्ञान समूह) की कक्षाएं संचालित कराने में अत्यंत कठनाई हो रही है। स्थिति ये है कि एक कक्ष को बीच में दीवाल खड़ा करवाकर दो कक्षाएं संचालित करायी जाती है। प्रायोगिक कक्ष में प्रेक्टिकल सामाग्री भरे होने के बावजूद कक्षा नवमीं की कक्षा संचालित कराई जाती है। कमरे में जहां 20 बच्चे बैठ पाते वहां वर्तमान में 34 से 38 बच्चे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है। कक्षा में बच्चों को बैठने के साथ ही साथ अन्दर प्रवेश करने एवं बाहर निकलने में भी बहुत तकलीफ होती है। प्राचार्य ने बताया कि बैठक व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को मजबूर होकर कुछ बच्चों को टीसी देकर 11वीं एवं 12वी की दर्ज संख्या कम रखना पड़ रहा है। उन्होने इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक से स्कूल में 08 कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष स्टोर कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, कर्मचारियों एवं स्टॉफ कक्ष एवं प्राचार्य कक्ष के साथ स्कूल में बॉउंड्रीबॉल की मांग की है।



### वर्तमान में जिले में पड़ रही भीषण गर्मी

गौरतलब है कि दिनो पूरे जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। उस पर बिजली का भी भारी रोना है। हालांकि जिले के कई स्कूल, विशेषकर ग्रामीण और वनांचलों के स्कूलों में तो बिजली व्यवस्था तक नहीं है ऐसे में यह भी एक समस्या है कि इस भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे कैसे पढ़ लिख पाएंगे और कैसे नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होगी।

धर्म

# श्रीरामकृष्ण मंदिर बन रहा नगर का आध्यात्मिक आस्था केंद्र

## भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

श्रीरामकृष्ण मंदिर परिसर शनिवार की शाम एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया, जब महंत सुरेन्द्र दास के पावन सानिध्य में भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। घंटा-घड़ियाल की मधुर ध्वनि, श्रद्धालुओं की भक्ति-भावना और संकल्प की गूंज ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। इस आयोजन में मंदिर के व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन की विशेष उपस्थिति रही। नगर के बजरंग दल कार्यकर्ता, गौसेवक, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस चालीसा पाठ के दौरान यह सामूहिक संकल्प लिया गया कि हर मंगलवार और शनिवार को इसी प्रकार नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

**मंदिर बना आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र :** व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने बताया कि जब से महंत सुरेन्द्र दास ने मंदिर की सेवा संभाली है, तब से यहां भक्तों की आवाजाही में निरंतर वृद्धि हो रही है। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, सभी वर्गों की सहभागिता मंदिर को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। प्रतिदिन रामधुन का आयोजन और समय-समय पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम मंदिर को नगर का जीवंत आस्था केंद्र बना रहे हैं।

**17 जून को विशाल भोग भंडारे का आयोजन:** महंत सुरेन्द्र दास और व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने जानकारी दी कि आगामी मंगलवार, 17 जून को मंदिर परिसर में विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आम जन, श्रद्धालुओं और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की गई है।



### भक्तों की रही उत्साहजनक उपस्थिति

शनिवार को हुए आयोजन में नगर के प्रमुख श्रद्धानवागढ़। श्रीरामकृष्ण मंदिर परिसर शनिवार की शाम एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया, जब महंत सुरेन्द्र दास के पावन सानिध्य में भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। घंटा-घड़ियाल की मधुर ध्वनि, श्रद्धालुओं की भक्ति-भावना और संकल्प की गूंज ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। इस आयोजन में मंदिर के व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन की विशेष उपस्थिति रही। नगर के बजरंग दल कार्यकर्ता, गौसेवक, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस चालीसा पाठ के दौरान यह सामूहिक संकल्प लिया गया कि हर मंगलवार और शनिवार को इसी प्रकार नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

### मंदिर बना आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र

व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने बताया कि जब से महंत सुरेन्द्र दास ने मंदिर की सेवा संभाली है, तब से यहां भक्तों की आवाजाही में निरंतर वृद्धि हो रही है। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, सभी वर्गों की सहभागिता मंदिर को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। प्रतिदिन रामधुन का आयोजन और समय-समय पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम मंदिर को नगर का जीवंत आस्था केंद्र बना रहे हैं।

### 17 जून को विशाल भोग भंडारे का आयोजन

महंत सुरेन्द्र दास और व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने जानकारी दी कि आगामी मंगलवार, 17 जून को मंदिर परिसर में विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आम जन, श्रद्धालुओं और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की गई है।

**भक्तों की रही उत्साहजनक उपस्थिति:** शनिवार को हुए आयोजन में नगर के प्रमुख श्रलु बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, जेजी गोस्वामी, कुमार वर्मा, अमित जैन, अरुण बरनवाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, कण्ठु यादव, कमलेश यादव, प्रियांश मिश्रा, जिनेंद्र वर्मा, रूपेश यादव, सागर यादव, अज्जू यादव, आर्यन श्रीवास, सागर शिवांग, आकाश रजक, सुमित यादव, वासुदेव यादव, विनायक रजक और नागेश्वर यादव की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# प्रधान पाठक धनेश रजक को मिला सावित्रीबाई फुले शिक्षा रत्न अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में पदस्थ प्रधान पाठक धनेश रजक को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और समाजिक सहभागिता से विद्यालय विकास हेतु किए गए कार्यों के लिए सावित्रीबाई फुले शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान धमतरी में आयोजित सद्गुरु कबीर साहेब जयंती समारोह के अवसर पर समता साहित्य समिति द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानिकपुरी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुंदर दास मानिकपुरी ने धनेश रजक को प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिन्ह भेंट किया। धनेश रजक ने विद्यालय में नवाचार करते हुए बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया है। वे पढ़ाई के साथ-साथ गीत, संगीत, नृत्य और खेलकूद को भी शिक्षा का हिस्सा बनाकर बच्चों की रुचि बढ़ा रहे हैं। वे स्वयं हारमोनियम, तबला और डफली बजाकर बच्चों के साथ संगीत अभ्यास करते हैं। उनके इस प्रयास से न केवल बच्चों की उपस्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि पढ़ाई में भी रूचि जागृत हुई है। विद्यालय परिसर में स्वच्छता, हरियाली और अनुशासन का नया माहौल तैयार किया गया है। ग्राम खपरी धोबी के सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने कहा कि धनेश रजक जैसे शिक्षक का हमारे गांव के स्कूल में होना बच्चों के लिए वरदान है। विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से बदल चुका है। प्रधान पाठक को शुभकामनाएं देने वालों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी, बीआरसी बीडी बघेल, शिक्षक दिनेश वर्मा, शिक्षिका लेखा रजक, हिम कल्याणी सिन्हा, चंदा सिन्हा, तारकेश्वर निर्मलकर, थूकेल राम तारम, रूखमणी सेन, मनोज वर्मा, विजयलक्ष्मी रावत, चंद्रशेखर कश्यप सहित अनेक शिक्षक, पालकगण और ग्रामीणजन शामिल रहे।

# जिले में एक भी स्कूल बंद नहीं होने का प्रशासन का दावा गलत

## जिले के दो प्राथमिक शाला हुए बंद, 150 से अधिक स्कूलों का अस्तित्व समाप्त

- अब तक कोई आदेश जारी नहीं कौन सा स्कूल बंद हुआ कौन सा मर्ज किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

युक्तियुक्तकरण में जिले में कोई भी स्कूल बंद नहीं होने का दावा शासन प्रशासन भले ही कर रहा हो, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। जिले में कुछ स्कूल बंद भी हुए हैं, तो कई स्कूलों का अस्तित्व ही हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में दो प्राथमिक शालाओं को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही जिले के 150 से अधिक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं का अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। प्राथमिक शालाओं में कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत शहर के प्राथमिक शाला हटरी पारा व




नगर पालिका कन्या प्राथमिक शाला में से एक को बंद किया गया है। इसी प्रकार स.लोहारा ब्लॉक के प्राथमिक शाला नवघटा व प्राथमिक शाला सबराटोला में से एक को बंद किया गया है। मजे की बात ये है कि प्रशासन ने अब तक इन स्कूलों के शिक्षकों को ही नहीं बताया है कि इन स्कूलों में से किस स्कूल को बंद किया गया है। इसके अलावा जिले में 375 स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के माध्यम से मर्ज किया गया है, जिनमें से 150 से अधिक स्कूलों का अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। इसमें भी यह बात विचारणीय है कि इन 375 स्कूलों को 15 जून तक मर्ज होने संबंधी कोई आदेश नहीं दिया गया है, जबकि 16 जून से स्कूल का नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है। इस प्रकार स्पष्ट है कि स्कूल के पहले दिन ये सभी स्कूल अलग-अलग प्रारम्भ होंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने कहा कि शासन प्रशासन युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने का लाख दावा करे, लेकिन यह तय है कि स्कूल बंद कर व जिले में 1499 शिक्षक पद समाप्त कर गुणवत्ता नहीं लाया जा सकता है। अब भी वक्त है कि शासन प्रशासन अपनी गलती स्वीकार कर त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त करे।

## अनिल चन्द्रवंशी सम्मानित



**कवर्धा।** वर्धी फाउंडेशन लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा गत दिनो स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे कवर्धा के सहायक प्राध्यापक अनिल चंद्रवंशी को स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री चन्द्रवंशी को मुख्यतः स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीं कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। इससे पहले अनिल चन्द्रवंशी कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में निःशुल्क योगदान दें चुके है, इस सराहनीय कार्य के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा अनिल को मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल द्वारा गोल्डमेडलिस्ट का खिताब भी मिल चुका है। श्री चन्द्रवंशी पीपल्स विश्व विद्यालय, सेम ग्लोबल, गांधी मेडिकल कॉलेज जैसे बड़ी बड़ी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके है। लेखन क्षेत्र में भी निपुणता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहते है। अपनी इस उपलब्धि के लिए वे समाज और परिवार को श्रेय देते हैं।

# अहमदाबाद विमान हादसे के दिवंगत लोगों की आत्मशांति के लिए किया यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

पतंजलि योग समिति ने अहमदाबाद विमान हादसे दिवंगत लोगों की आत्म शांति के लिए हवन का आयोजन किया। इस संबंध में के पतंजली योग समिति के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने बताया की अहमदावाद विमान हादसे ने पूरे देश को गहरी शोक संवेदना में डुबो दिया है। इस हादसे में दो सवा दो सौ से अधिक बेगुनाह जिंदगियां के असमय अंत ने हर दिल को झकझोर कर रख दिया है, यह एक अपूर्णिय छती है जिसको शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि इस विमान दुर्घटना में देश और विदेश के कई उद्योगपति, होनहार डॉक्टर, इंजीनियर, राजनेता और छोटे-छोटे मासूम बच्चों से लेकर अनेक गणमान्य नागरिक असमय काल कलित हो गए है, ये देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस हृदय विदारक घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होने कहा कि इस हादेस में मृतकों के परिजनो पर जो दुखों का पहाड़ टूटा है वह अत्यंत पीड़ा दायक है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस हृदय विदारक घटना में मारे गए दिवंगत लोगों की आत्माओं के शांति एवं उनके परिजनों को असहनीय पीड़ा को सहने कि शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना के साथ पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम द्वारा यज्ञ अनुष्ठान किया।

## कवर्धा सहित अंचल में अचानक बदले मौसम के बीच झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

# बदले मौसम में सूरज की गर्मी से जलते हुए तन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

नवतपा प्रारंभ होने के पूर्व से अंचलवासियों को तपा और झुलसा रहे भगवान भास्कर की प्रचण्डता को देख लोग अब यही कामना कर रहे थे कि, गर्मी से जलते हुए तन को मिल जाए तरूवर की छाया......।

लोगों की इस कामना को स्वीकार करते हुए रविवार को मौसम ने जमकर मेहरबानी बरसाई। अभी रविवार की दोपहर तक भीषण गर्मी और आग उगलते सूरज की तपिश से लोग हलाकान थे। स्थिति ये थी कि सूरज चढ़ते ही लोग जहां घरों में दुबक जाया करते थे वहीं, शाम को चार बजे के पहले दिहाड़ी मजदूर भी काम पर नहीं निकलते थे। गर्मी और धूप से



बचने के तमाम उपायों के बावजूद न तो दिन को चैन था और न ही रात में आराम। ऐसी हालत में शीतल छाया और ठंडी हवाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को रविवार के दूसरे पहर में मौसम ने बड़ी राहत दी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि भीषण गर्मी के बीच रविवार को दूसरे पहर में अंचल का मौसम अचानक बदल गया। हालांकि सुबह रोज की तरह भगवान भास्कर अपनी प्रचण्डता के साथ उदय हुए थे। लेकिन शाम ढलते-ढलते अचानक आसमान में बदली छा गई और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में करीब घंटे भर हुई मूसलाधार इस बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से भारी राहत मिली है। माना जा रहा है कि यह प्री मानसून की दस्तख हो सकती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411